नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 281/2021
Dt-14-8-2021

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
मधुबनी।

विषयः—**शिक्षा सेवक/शिक्षा सेवक (ता॰म॰) को अप्रैल 2021 से जुलाई 2021 तक प्राप्त आवंटन के बाद भी मानदेय भुगतान में हो रहे विलम्ब के संबंध में।**

महाशय,

क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राप्त जानकारी के अनुसार निदेशक, जन शिक्षा, बिहार, पटना के पत्रांक 604 दिनांक 31.5.2021 के द्वारा अप्रैल 2021 से जुलाई 2021 तक शिक्षा सेवक/शिक्षा सेवक (ता॰म॰) के मानदेय भुगतान हेतु जिला आवंटन प्राप्त है।

विगत सप्ताह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, साक्षरता, मधुबनी द्वारा मानदेय भुगतान सभी अनुमंडलों में शुरू किया गया है, लेकिन झंझारपुर अनुमंडल में अभी तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है।

ज्ञात हो कि मात्र 9680रू॰ प्रति माह के मानदेय पर सेवा दे रहे हैं और इन्हें विगत 5 माह से मानदेय का भुगतान न होने से इनकी परेशानी बढ़ना स्वाभाविक है।

अतः अनुरोध है कि झंझारपुर अनुमंडल में भी कार्यरत शिक्षा सेवक/शिक्षा सेवक (ता॰म॰) के मानदेय का भुगतान शीघ्र कराना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 14·8·21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in